**CENTRAL BUREAU OF NARCOTICS (CBN)**
**PRESS NOTE**

## Operation “Black Hawk”: CBN Smashes Inter-State Heroin Syndicate; Seized Over 18.6 Kg Crude Heroin, Arrests Three.

In a major breakthrough against drug trafficking, officers of the Central Bureau of Narcotics (CBN) MP and UP Units successfully executed "**Operation Black Hawk**", seizing a total of **18.64 kg of Crude Heroin** in back-to-back operations near Lucknow (U.P.). Three key members of an inter-state trafficking network have been arrested. The contraband originated from North-Eastern State and were being trafficked for consumption in Uttar Pradesh.

### <u>Key Seizures at a Glance</u>

- **Total Seized Drugs:** 18.64 kg (16.48 kg from a Car and 2.16 kg from a heavy commercial vehicle)
- **Vehicles Impounded:** one Assam-registered Hyundai Creta, one Heavy Commercial Truck.
- **Total Arrests:** 3 Suspects (arrested under the NDPS Act, 1985)
- **Concealment Methods:** Fabricated fuel tank cavity and secret body chambers in Truck.

### Operation Details

- **Intelligence:** Developing first precise inputs from the CBN MP Unit regarding drug movement from the North-East region to Lucknow, joint teams from CBN MP and UP units established a strategic cordon along the Sultanpur–Lucknow Highway on the intervening night of August 20–21, 2026.
- **Interception:** Following continuous tracking from at different Toll Plazas, the strike team intercepted an Assam-registered Hyundai Creta at near Lucknow on August 21.
- **The Breakthrough:** The vehicle was found empty and the occupants claimed innocence. Operational officers grew suspicious when the vehicle’s occupants on questioning disclosed to have refueled four times within a span of just 500 km. A physical tapping test of the fuel tank confirmed a hollow acoustic anomaly.
- **Recovery:** At the CBN Office in Lucknow, technical assistance was utilized to dismantle the fuel tank, exposing a specially

fabricated compartment holding 25 waterproof packages containing **16.46 kg of Crude Heroin**. Both suspects were arrested.





- **Interception & Recovery:** In another (second) actionable intelligence developed by the CBN UP Unit indicated a heavy truck transporting contraband along the Siliguri–Lucknow corridor. CBN teams tracked the vehicle across multiple toll plazas before intercepting it **near Barabanki**. A systematic physical search revealed **2.16 kg of Crude Heroin** concealed inside a specially constructed secret chamber within the vehicle's body frame. One suspect was arrested.

  **Images of Second Operations:**




AIP


Hidden Cavity in back side of Truck

All three suspects have been booked under stringent provisions of the **Narcotic Drugs and Psychotropic Substances (NDPS) Act, 1985**. Both transport vehicles and the entire contraband consignment have been confiscated. Comprehensive follow-up financial and logistical investigations are currently underway to trace upstream suppliers in the North-East and dismantle connected downstream distribution channels.

In 2026, the **Central Bureau of Narcotics (CBN)** has achieved significant operational milestones across the country:

| **Enforcement Parameter** | **Achievements (CY 2026)** |
|---|---|
| **Total NDPS Cases Booked** | 195 |
| **Total Arrests Made** | 270 |
| **Clandestine Drug Labs Busted** | **6** |
| **Drugs Seized [Narcotics]** | **51000 kg** |
| **Drugs Seized [Psychotropic Substance]** | **12,05,00,000 Tablets/Ampules** |

**The Central Bureau of Narcotics (CBN),** is a specialized organization under the Department of Revenue, Ministry of Finance, regulates licit cultivation of opium poppy, oversees import and export of narcotic drugs, psychotropic substances and precursor chemicals, and undertakes intelligence-driven enforcement operations to prevent diversion of contrabands which falls under NDPS Act 1985. Further, The Central Bureau of Narcotics (CBN) also serves as the official Competent National Authority (CNA) of India to fulfil the country's treaty obligations under the international conventions. It ensures that the international import and export of these restricted substances occur strictly for medical, scientific, and legitimate industrial purposes while preventing their diversion into illicit channels. CBN plays a critical role relating to Narcotics Control, prevention of diversion, intelligence gathering, investigation of offences, inter-agency coordination and international cooperation.

**केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN)**
**प्रेस विज्ञप्ति**

## ऑपरेशन ब्लैक हॉक: केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने अंतर-राज्यीय ड्रग्स सिंडिकेट का किया पर्दाफाश; 18.6 किलोग्राम से अधिक कच्ची हेरोइन जब्त, तीन गिरफ्तार

मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) की मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश इकाइयों के अधिकारियों ने "**ऑपरेशन ब्लैक हॉक**" को सफलतापूर्वक अंजाम दिया। इस कार्रवाई के तहत लखनऊ के पास एक के बाद एक अभियानों में कुल **18.64 किलोग्राम कच्ची हेरोइन** जब्त की गई और एक अंतर-राज्यीय तस्करी नेटवर्क के तीन प्रमुख सदस्यों को गिरफ्तार किया गया। यह प्रतिबंधित सामान पूर्वोत्तर राज्य से आया था और इसे उत्तर प्रदेश में इस्तेमाल के लिए तस्करी करके लाया जा रहा था।

### मुख्य जब्ती एक नज़र में

- **कुल जब्त कच्ची हेरोइन:** 18.64 किलोग्राम (कार से 16.48 किलोग्राम और भारी वाणिज्यिक वाहन से 2.16 किलोग्राम)
- **जब्त वाहन:** 1 असम-पंजीकृत हुंडई क्रेटा, 1 भारी वाणिज्यिक ट्रक
- **कुल गिरफ्तारियां:** 3 व्यक्ति (एनडीपीएस अधिनियम, 1985 के तहत आरोपी)
- **छुपाने के तरीके:** ईंधन टैंक में बनाई गई विशेष कैविटी और ट्रक की बॉडी में बने गुप्त कैविटी

### ऑपरेशन का विवरण

- **खुफिया जानकारी:** उत्तर-पूर्वी क्षेत्र से लखनऊ की ओर मादक पदार्थों की आवाजाही के संबंध में सीबीएन मध्य प्रदेश इकाई से सटीक इनपुट प्राप्त हुए। इसके आधार पर सीबीएन एमपी और यूपी इकाइयों की संयुक्त टीमों ने 20-21 अगस्त 2026 की दरमियानी रात सुलतानपुर-लखनऊ राजमार्ग पर रणनीतिक नाकेबंदी की

- **घेराबंदी व जब्ती :** असरोगा टोल प्लाजा से लगातार ट्रैकिंग के बाद, स्ट्राइक टीम ने 21 अगस्त को लखनऊ के पास एक असम-पंजीकृत हुंडई क्रेटा को रोका।

- **महत्वपूर्ण सफलता:** वाहन खाली पाया गया और उसमें सवार लोगों ने बेगुनाही का दावा किया। हालांकि, पूछताछ के दौरान जब सवारियों ने बताया कि उन्होंने केवल 500 किमी के सफर में चार बार ईंधन भरवाया है, तो अधिकारियों का संदेह बढ़ गया। ईंधन टैंक की भौतिक जांच और थपथपाने पर अंदर भारीपन पाया गया।

- **बरामदगी:** सीबीएन कार्यालय लखनऊ में तकनीकी सहायता से ईंधन टैंक को खोला गया, जिसमें से 25 वॉटरप्रूफ पैकेट बरामद हुए। इनमें **16.46 किलोग्राम कच्ची हेरोइन** थी। वाहन में सवार दोनों व्यक्तियों को तुरंत गिरफ्तार कर लिया गया।

- **घेराबंदी व जब्ती (दूसरा चरण):** सीबीएन यूपी इकाई द्वारा विकसित एक अन्य खुफिया जानकारी से पता चला कि सिलीगुड़ी-लखनऊ कॉरिडोर पर एक भारी ट्रक नशीले पदार्थों का परिवहन कर रहा है। सीबीएन टीमों ने कई टोल प्लाजा पर वाहन को ट्रैक किया और अंततः बाराबंकी के पास उसे रोक लिया। व्यवस्थित तलाशी लेने पर ट्रक के बॉडी फ्रेम में बने एक गुप्त कक्ष से **2.16 किलोग्राम कच्ची हेरोइन** बरामद हुई। संदिग्ध व्यक्ति को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

## कानूनी कार्रवाई

तीनों अभियुक्तों के खिलाफ **स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम (NDPS Act), 1985** के कड़े प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। दोनों परिवहन वाहनों और जब्त नशीले पदार्थों को जब्त कर लिया गया है। उत्तर-पूर्व में मुख्य आपूर्तिकर्ताओं का पता लगाने और वितरण नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए आगे की वित्तीय व लॉजिस्टिक जांच जारी है।

## वर्ष 2026 की प्रवर्तन उपलब्धियां

वर्ष 2026 में, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो ने देशभर में उल्लेखनीय परिचालन मील के पत्थर हासिल किए हैं:

| **प्रवर्तन मानदंड (** | **उपलब्धियां** |
|---|---|
| **दर्ज किए गए कुल NDPS मामले** | 195 |
| **की गई कुल गिरफ्तारियां** | 270 |
| **ध्वस्त की गई अवैध ड्रग प्रयोगशालाएं** | **6** |
| **जब्त नशीले पदार्थ (नारकोटिक्स )** | **51000 kgs** |

| | |
|---|---|
| **जब्त नशीले पदार्थ (मनःप्रभावी पदार्थ)** | **12,05,00,000 गोली/एम्प्यूल** |

केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN), वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत एक विशेष संस्था है। यह अफीम पोस्ता की कानूनी खेती को नियंत्रित करता है, नशीली दवाओं, साइकोट्रोपिक पदार्थों और प्रीकर्सर रसायनों के आयात-निर्यात की देखरेख करता है, और NDPS एक्ट 1985 के तहत प्रतिबंधित पदार्थों के गलत इस्तेमाल (डायवर्जन) को रोकने के लिए खुफिया जानकारी पर आधारित प्रवर्तन अभियान चलाता है। इसके अलावा, केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (CBN) अंतरराष्ट्रीय समझौतों के तहत देश की संधि संबंधी जिम्मेदारियों को पूरा करने के लिए भारत के आधिकारिक सक्षम राष्ट्रीय प्राधिकरण (CNA) के रूप में भी काम करता है। यह सुनिश्चित करता है कि इन प्रतिबंधित पदार्थों का अंतरराष्ट्रीय आयात और निर्यात केवल चिकित्सा, वैज्ञानिक और वैध औद्योगिक उद्देश्यों के लिए हो और साथ ही इनके अवैध इस्तेमाल को रोका जा सके। CBN नारकोटिक्स नियंत्रण, गलत इस्तेमाल की रोकथाम, खुफिया जानकारी जुटाने, अपराधों की जांच, विभिन्न एजेंसियों के बीच तालमेल और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के मामलों में अहम भूमिका निभाता है।